Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 27 अंक- 267 रायपुर, रविवार 20 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

करवा चौथ पर बम धमाका से दहला दिल्ली

लोकल मार्केट से उठाया था सामान, कट्टरपंथियों पर शक

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। करवा चौथ के दिन दिल्ली को बम से दहलाने की साजिश थी. दिल्ली के रोहणी प्रशांत विहार इलाके के केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) स्कूल के पास बम ब्लास्ट के धमाके की खबर आ रही है. मौके पर दिल्ली पुलिस, स्पेशल सेल, सीआरपीएफ, एफएसएल की टीम, एनएसजी और आईबी की टीम पहुंच चुकी है. सूत्रों के धमाके में अमोनियम नाइट्रेट और फॉस्फोरस का प्रयोग किया गया था. पुलिस को घटना स्थल से सफेद पाउडर भी मिला है. इसकी जांच की जा रही है।

मिले जानकारी के अनुसार, दिल्ली पुलिस और सीआरपीएफ ने पूरे इलाके को कब्जे में ले लिया है. एनएसजी, आईबी और एनआईए की टीम घटना की जांच में जुट गई है. पुलिस ने बताया कि धमाके में प्रयोग समानों को लोकल से मार्केट से खरीदा गया होगा. पुलिस ने बताया कि इस ब्लास्ट में मुस्लिम कट्टरपंथियों का हाथ हो सकता है. पुलिस ने बताया कि बम की टाइमिंग में गफलत हुई, नहीं तो ज्यादा नुकसान हो सकता था.वहीं, इस घटना का वीडियो एक शख्स ने अपने छत से बनाई है.

बड़ा नुकसान हो सकता था

पुलिस ने बताया कि जिस कंटेनर में बम रखा गया था, वह ज्यादा टाइट नहीं था. अगर वह कंटेनर टाइट होता तो ज्यादा नुकसान हो सकता था. सूत्रों के मुताबिक एनएसजी की टीम ने जांच का दायरा बढ़ाया. स्कूल दीवार से आगे दुकानों की मैपिंग भी कर रही है. यह घटना दिल्ली हाईकोर्ट में 2011 में हुए बम धमाके से काफी समान है. ऐसा ही धमाका 25 मई 2011 को दिल्ली हाईकोर्ट की कार पार्किंग में हुआ था. जिसमें किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ था।

एनआईए को भी सौंपा जा सकता है

प्रशांत विहार धमाके मामले में दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस थाने को एक्सप्लोसिव एक्ट यानी विस्फोटक अधिनियम और पब्लिक प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाने की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए हैं. इस आदेश में यह भी कहा है कि इस मामले को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को सौंप दिया जाए. इसकी जांच स्पेशल सेल के एसीपी और डीसीपी स्तर के अधिकारी करेंगे. वहीं, पुलिस ने एक्सप्लोसिव एक्ट धारा 3 और 4 तथा पब्लिक प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाने की आपराधिक धाराओं के तहत दर्ज कर लिया है. मामला होने पर इसे को एनआईए को भी सौंपा जा सकता है।

मॉर्निंग वॉक पर निकले स्कूली बच्चों को तेज रफ्तार हाईवा ने रौंदा, दो छात्रो की मौत, एक घायल

- ग्राम सलोनी के पास सुबह हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना, चालक हाईवा छोड़ हुआ फरार
- आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम, सड़क के दोनो ओर लगी वाहनों की कतार

धमतरी 20 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं के बीच आज सुबह एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना घटी जिसमें दो स्कूली छात्रों की मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गया। हादसे के बाद ग्रामीणों में आक्रोश पनपा और कड़ी कार्रवाई व रफ्तार पर लगाम की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया। जो की समाचार लिखे जाने दोपहर 12 बजे तक जारी था।

मिली जानकारी के अनुसार केरेगांव थानान्तर्गत ग्राम सलोनी के पास तेज रफ्तार हाईवा ने मॉर्निंग वॉक पर निकले कक्षा सातवी के छात्र नीरज ध्रुव व कक्षा छटवी के छात्र योगेन्द्र यादव को रौंद दिया जिससे योगेन्द्र यादव की मौके पर ही मौत हो गई। छात्र का शरीर क्षत-विक्षित होकर सड़क पर बिखर गया। वहीं दूसरे छात्र नीरज ध्रुव की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। वहीं सड़क किनारे लीलर निवासी एक व्यक्ति को भी हाईवा ने चपेट में ले लिया जिससे युवक दूर जा गिरा। जिससे उनके पैर व शरीर के अन्य हिस्सो में चोटे आई है। हादसे के बाद ग्रामीणों में काफी आक्रोश नजर आया। ग्रामीणों के साथ ही स्कूली बच्चे भी सड़क पर उतर आए और चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणो ने ठोस कार्रवाई, स्पीड पर लगाम लगाने व अन्य मांगे रखी। ग्रामीणों को चक्काजाम समाप्त करने की समझाईश देने नगरी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी आरके मिश्रा, तहसीलदार, जिला शिक्षा अधिकारी व अन्य उपस्थित रहे। चक्काजाम के चलते स्टेट हाईवे पर दोनो ओर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। जिससे आवागमन बाधित रहा। इस दौरान केरेगांव थाना प्रभारी प्रदीप सिंह दल बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।

छत्तीसगढ़ में एनआईए की छापेमारी, दो संदिग्ध हिरासत में

डिजिटल उपकरणों समेत आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त

रायपुर, 20 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। प्रतिबंधित माओवादी संगठन की आतंकवादी गतिविधियों पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अपनी कार्रवाई को तेज कर दिया है। इसी कड़ी में आज बीजापुर के गंगालूर थाना क्षेत्र स्थित पालनार गांव में एनआईए की टीम ने छापेमारी की। इस दौरान ह्ढ्ढ की टीम ने व्यापक तलाशी के दौरान कई मोबाइल फोन, सिम कार्ड और आपत्तिजनक दस्तावेज़ जब्त किए है।

बीजापुर के एसपी डॉ. जितेंद्र यादव ने बताया कि, हाँ, एक मामले पर एनआईए की टीम पालनार आई थी। सर्चिंग में हमने उनकी मदद की थी, लेकिन इस मामले में हमारे पास अधिक जानकारी नहीं है क्योंकि एनआईए की जांच सुरक्षा कारणों से गोपनीय होती है। आगे जो भी जानकारी उपलब्ध होगी, वह साझा की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, पालनार के ग्यातापारा से एक महिला समेत दो पुरुषों को नक्सल सहयोग के संदेह में एनआईए की टीम ने गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में माओवादी गतिविधियों के खिलाफ सुरक्षा बलों की सतर्कता का संकेत मिलता है।

गैंगस्टर पर हर साल 40 लाख रुपये खर्च करता है परिवार, चचेरे भाई ने बताया कैसे पड़ा लॉरेंस नाम

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। सलमान खान को धमकी देने का मामला हो, या फिर एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या, पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या, सभी मामलों में एक ही समान बात है और वो है जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई। लॉरेंस फिलहाल गुजरात की साबरमती जेल में बंद है। अब लॉरेंस के एक चचेरे भाई ने खुलासा किया है कि परिवार लॉरेंस पर हर साल 40 लाख रुपये खर्च करता है ताकि जेल में उसे किसी तरह की तकलीफ न हो।

लॉरेंस के चचेरे भाई रमेश बिश्नोई ने बताया कि उनके परिवार ने कभी नहीं सोचा था कि पंजाब यूनिवर्सिटी से कानून का स्नातक लॉरेंस अपराधी बन जाएगा। रमेश ने कहा कि हमारा परिवार हमेशा से ही संपन्न रहा है। लॉरेंस के पिता हरियाणा पुलिस में कॉन्सटेबल थे और उनके पास गांव में 110 एकड़ जमीन थी। लॉरेंस हमेशा से ही महंगे कपड़े और जूते पहनने का शौकीन रहा। अभी भी परिवार उस पर हर साल जेल में 35-40 लाख रुपये खर्च करता है। रमेश ने बताया कि पंजाब के फिरोजपुर में जन्मे लॉरेंस का असली नाम बलकरण बरार है, लेकिन वह अपने स्कूल के दिनों में ही लॉरेंस बन गया था। बताया जाता है कि लॉरेंस की आंटी ने उसे लॉरेंस नाम रखने की सलाह दी थी और कहा था कि ये नाम ज्यादा बेहतर लगता है। हाल के वर्षों में लॉरेंस बिश्नोई का नाम कई हाई प्रोफाइल मामलों से जुड़ा है। जिनमें फिल्म अभिनेता सलमान खान को धमकी देने और उनके घर पर फायरिंग का मामला हो या फिर मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हाल ही में की गई हत्या का मामला, सभी में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नाम सामने आया है। इससे पहले पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या का आरोप भी लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर ही लगा था। इतना ही नहीं कनाडा की सरकार ने भी आरोप लगाया है कि भारतीय एजेंट्स लॉरेंस बिश्नोई गैंग के साथ मिलकर खालिस्तानी कट्टरपंथियों को निशाना बना रहा है।

नक्सलियों ने दिनदहाड़े कुल्हाड़ी और चाकू से हमला कर की कांग्रेसी नेता की हत्या

बीजापुर, 20 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों ने उसूर में एक कांग्रेस नेता और सोसायटी संचालक की दिनदहाड़े कुल्हाड़ी चाकू से वार कर निर्ममता पूर्व हत्या कर दी। हालांकि, हत्या का कारण पता चल नही पाया है। लेकिन, कुछ समय पहले नक्सलियों द्वारा मृतक कांग्रेस नेता को धमकी दिए जाने की बात सामने आई है।

विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, माड़बाका निवासी पूर्व सरपंच, उसूर ब्लाक कांग्रेस के महामंत्री और सोसायटी संचालक तिरुपति भंडारी पिता खुर्रा उम्र 35 शनिवार की शाम करीब 4 बजे के आसपास उसूर में टेकमेटला मार्ग पर स्थित सोसायटी में राशन बांट रहा था। तभी पांच से छह नक्सली सादे वेशभूषा में आये और तिरुपति पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी हत्या कर दी। नक्सलियों ने तिरुपति की हत्या क्यों की इसका कारण अभी पता नहीं चल पाया है। हालांकि नक्सलियों द्वारा उसे पहले धमकी दिए जाने की बात सामने आई है। इधर पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर घटना के संबंध में आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

ब्रेकिंग न्यूज

श्री पद्मनाभ स्वामी मंदिर से बर्तन की चोरी, हरियाणा से चार लोगों को हिरासत में लिया गया

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। केरल में तिरुवनंतपुरम के श्री पद्मनाभ स्वामी मंदिर से कांसे का बर्तन चुराने के आरोप में हरियाणा से चार लोगों को हिरासत में लिया गया। इस पारंपरिक बर्तन को स्थानीय भाषा में उरुली के नाम से जाना जाता है। इसका उपयोग पुराने समय में पूजा करने के लिए किया जाता था। लोग इसे गुप्त तहखानों में रखते थे। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है और हरियाणा पुलिस की मदद से उन्हें हिरासत में ले लिया गया है। हालांकि, उन्होंने इस मामले में ज्यादा जानकारी नहीं दी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, आरोपियों में से एक डॉक्टर है और उसके पास ऑस्ट्रेलिया की नागरिकता है। उनके और दो-तीन महिलाओं के एक समूह ने पिछले हफ्ते मंदिर का दौरा किया था। उन्होंने गुरुवार को मंदिर में चोरी की।

ममता बनर्जी की अपील के बाद भी जूनियर डॉक्टरों का अनशन 16वें दिन भी जारी, न्याय की कर रहे मांग

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम को हटाने से साफ इनकार कर दिया है। साथ ही उन्होंने जूनियर डॉक्टरों से आमरण अनशन खत्म कर काम पर लौटने की अपील की है। हालांकि, सीएम के अनुरोध के बाद भी न्याय और कार्यस्थल की सुरक्षा की मांग को लेकर आमरण अनशन जारी है। दो हफ्ते से अधिक समय से अनशन पर बैठे हुए हैं। भूख हड़ताल पर बैठे कई डॉक्टरों की हालत बिगड़ती जा रही है। भूख हड़ताल पर बैठे छह डॉक्टर अस्पताल में भर्ती हैं, जबकि आठ अन्य अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं। जूनियर डॉक्टर 16 दिनों से धर्मतला में अनशन पर बैठे हैं। इससे पहले शनिवार की शाम को सीएम ने आंदोलनकारी डॉक्टरों से बात करने के लिए राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत को अनशनस्थल पर भेजा।

प्रधानमंत्री मोदी पहुंचे काशी, एयरपोर्ट पर ढोल नगाड़े के साथ हुआ स्वागत

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। आरजे शंकर अस्पताल में कायक्रम का शुभारंभ हो चुका है। यहां लगभग तीन सौ बसों से लोग पहुंचे थे। लोगों की जुबान पर हर-हर मोदी का नारा था। पूरे कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षाकर्मियों के साथ भाजपा कार्यकर्ता मौजूद हैं। पीएम की अगवानी करने आए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार सड़क बनाने में पूरे देश में नंबर वन पर चल रही है। सड़क सुरक्षा के माध्यम से हम लोगों को आगाह और अपील भी कर रहे हैं। कर्मचारियों को समय-समय पर प्रशिक्षण भी दिए जाते हैं। अन्य विकल्पों पर विचार किए जा रहे हैं। हमारी प्राथमिकता है कि हम लोगों को सेफ जर्नी दें। बाबतपुर वाराणसी से सांसद और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद दूसरी बार आशीर्वाद लेने पहुंचे। वहीं, दूसरी बार काशी को 3200 करोड़ से अधिक की बड़ी सौगात देने के लिए रविवार को एयरपोर्ट पर दोपहर 13:31 बजे पहुंचे। वाराणसी एयरपोर्ट विस्तारीकरण के लिए 2870 करोड़ रुपये की सौगात देने पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री दोपहर 13:40 बजे सड़क मार्ग द्वारा शहर के लिए प्रस्थान किए। इस दौरान उन्होंने कार्यरताओं का हाथ हिलाकर अभिवादन किया।

बारामूला में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ जारी, पुंछ से दो आतंकी गिरफ्तार

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। जम्मू-कश्मीर के बारामुला जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। जहां चिनार क्रॉप्स के आधिकारिक सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार, इस क्षेत्र में एक संयुक्त एंटी-इन्फिल्ट्रेशन ऑपरेशन शुरू किया गया है। संभावित घुसपैठ के बारे में खुफिया सूचनाओं के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा एलओसी के सामान्य क्षेत्र उरी में एक संयुक्त एंटी-इन्फिल्ट्रेशन ऑपरेशन शुरू किया गया। सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाया और चुनौती दी, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग की। चौकस सैनिकों ने प्रभावी फायरिंग के साथ जवाब दिया। ऑपरेशन जारी है।

इससे पहले, जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पुंछ जिले से दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। जम्मू-कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) आनंद जैन ने शनिवार को एएनआई को बताया कि गिरफ्तारियों से कई ग्रेनेड हमलों के मामलों को सुलझाने में मदद मिली है।

आनंद जैन ने कहा, हमने एक बड़ी सफलता हासिल की है क्योंकि हमने दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने ग्रेनेड फेंकने और देश विरोधी पोस्टर लगाने जैसी गतिविधियों की थीं और गुरुद्वारों, मंदिरों, अस्पतालों और सेना के ठिकानों पर ग्रेनेड फेंके गए थे। जहां आतंकवादियों का उद्देश्य क्षेत्र की साम्प्रदायिक सद्भाव को बाधित करना था। इससे पहले शुक्रवार को, सुरनकोट सेक्टर के डुंडक क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी से जुड़े व्यक्ति को पकड़ लिया। पुलिस ने पुष्टि की कि संदिग्ध के पास से चार ग्रेनेड बरामद हुए, जो हाल के आतंकवादी घटनाओं को सुलझाने में एक महत्वपूर्ण प्रगति हो सकती है।

हैदराबाद के पब में छापा, अवैध गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में 140 गिरफ्तार, इनमें 40 महिलाएं

नई दिल्ली, 20 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। तेलंगाना के हैदराबाद स्थित एक पब में पुलिस की छापेमारी में 140 लोगों को गिरफ्तार किया गया। बंजारा हिल्स स्थित इस पब से गिरफ्तार लोगों में 40 लोग महिलाएं भी शामिल हैं। बताया गया है कि पकड़े गए लोग अवैध गतिविधियों में शामिल थे।

बताया गया है कि पुलिस ने खुफिया जानकारी मिलने के बाद रविवार को टीओएस पब में छापेमारी की थी। इसके बाद पब को सील कर दिया गया। 20 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है, जिनमें आधी महिलाएं हैं। पुलिस ने कहा कि आरोपियों पर अलग-अलग धाराओं में मामले दर्ज किए गए हैं। जिन लोगों पर केस हुए हैं, उनमें पब के मालिक, डीजे ऑपरेटर भी शामिल हैं।

आरोपियों पर धारा 420, धारा 290 (सार्वजनिक तौर पर उपद्रव करने) और धारा 294 (भद्दे गाने और हरकतों) के मामले में केज दर्ज हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह छापेमारी मुख्य तौर पर पब में अभद्र डांस की शिकायतों को लेकर हुई। शिकायत थी कि पब के मालिकों ने अलग-अलग राज्यों की महिलाओं को कथित तौर पर अभद्र डांस के जरिए पुरुषों को रिझाने और पब का लाभ बढ़ाने के लिए रखा गया था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि पुलिस अभियान से पहले पब को अवैध गतिविधियों के लिए निगरानी में रखा गया था। इसके बाद ही पुलिस की एक टीम ने पब पर छापेमारी की। बता दें कि पिछले महीने भी इसी तरह हैदराबाद में पांच पब्स में छापेमारी हुई थी। इनका नेतृत्व आबकारी प्रवर्तन विभाग के प्रमुख वीबी कमलासन रेड्डी ने किया था। जिन पब्स पर छापे डाले गए थे, उनमें शरलिंगमपल्ली में कोरम क्लब और जुबिली हिल्स में बेबीलॉन शामिल था।

सिरफिरे पोते ने त्रिशूल घोंपकर की दादी की हत्या फिर मंदिर जाकर शिवलिंग पर चढ़ाया खून

दुर्ग, 20 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। नंदिनी थाना क्षेत्र के नंदकट्टी गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक पोते ने अपनी 77 वर्षीय दादी रुक्मणि गोस्वामी की त्रिशूल से हत्या कर दी। जानकारी के मुताबिक, हत्यारे ने अपनी दादी के सिर पर त्रिशूल मारकर उनकी जान ले ली और फिर नजदीक के शिवलिंग पर उनका खून चढ़ा दिया। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।

बता दें कि घटना की सूचना मिलते ही नंदिनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है, जिससे यह पता चला है कि पूरा मामला अंधविश्वास से जुड़ा हुआ है। आरोपी खुद को बड़ा शिव भक्त बताता है और उसने खून से श्री शिवाय नमस्तुभ्यम भी लिखा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और अंधविश्वास के इस पहलू को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई कर रही है।